the last three years, and the countries to which onions are being exported :

(b) whether the export of onions is causing price hike in domestic markets ; and

(c) if so, the steps being taken by Government to check the price rise of onions in the domestic markets ?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF AGRICULTURE AND COOPERATION (SHRI YOGENDRA MAKWANA): (a) During the last three years 7.275 lakh tonnes of onion was exported. The countries to which onions are exported include Gulf Countries, Far East, Sri Lanka, Mauritius, Maldives, Bangladesh, Nepal and U.S.S.R.

(b) and (c) Export of onion has contributed to stabilising prices for the benefit of growers without affecting the internal availability as also consumer prices.

**Allotment of plots and flats to the old registrants by DDA**

1062. SHRI RAJNI RANJAN SAHU : Will the Minister of Urban Development be pleased to refer to the reply to starred Question 76 given in the Rajya Sabha on July 26, 1985 and state :

(a) the total number of old registrants with Delhi Development Authority for allotment of plots to individuals in the Low Income Group Scheme 1975, who have not so far been allotted plots against their registrations ;

(b) Whether it is a fact that during 1977-79 there had been a policy decision to allot plots to all the remaining registrants of this scheme and subsequently plots were alloted the most of the registrants later on ;

(c) if so, the reasons for not alloting plots to the present remaining registrants of this Scheme although the plots are availiable in different colonies including Rohini ; and

(d) by when the remaining old registrants of this Scheme are to be alloted plots against their registration to fulfil the commitment of the Delhi Development Authority for allotment of the plots to the registrants of this Scheme ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI DALBIR SINGH) : (a) The persons who were registered with the DDA for allotments of residential plot under the Scheme released in August 1975 and remained unsuccessful were offered plots of 84 square mts. in 1977 and no such application is pending for allotment where the applicant had accepted the offer.

(b) Yes, Sir. As stated in reply to part (a) the persons who remained unsuccessful were offered plots of 84 sq. mts. in 1977. In all, 1823 persons had given their option and they were allotted plots in 1979-80 in Pitampura and Prashant Vihar Residential Scheme.

(c) and (d) In view of the above do not arise.

**वृत्त चित्रों का निर्माण**

**1063. श्री मीर्जा इर्शादबेग** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले वर्ष के दौरान किस-किस राज्य के किस-किस दूरदर्शन केन्द्र ने विकास के संबंध में राष्ट्रीय स्तर के वृत्त चित्रों का निर्माण किया जो दूरदर्शन के राष्ट्रीय कार्यक्रम से प्रसारित किए गए ;

(ख) क्या गुजरात दूरदर्शन केन्द्र उद्योग, वन तथा अन्य विषयों पर वृत्त चित्र बनाने का विचार रखता है?

**सूचना और प्रसारण मन्त्रालय के राज्य मंत्री (श्री वी० एन० गाडगिल)** : (क) उन दूरदर्शन केन्द्रों (राज्यों) जिन्होंने विकास के सम्बन्ध में राष्ट्रीय स्तर के वृत्त चित्र बनाए है और जिन्हें दूरदर्शन के राष्ट्रीय हुक अप पर 1-7-1985 से 30-6-1986 तक टेलीकास्ट किया गया है, उनके नाम हैं दूरदर्शन केन्द्र, हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश), दूरदर्शन केन्द्र, बम्बई (महाराष्ट्र), दूरदर्शन केन्द्र, जालंधर (हिमाचल प्रदेश और पंजाब), दूरदर्शन केन्द्र, कटक (उड़ीसा), उपग्रह दूरदर्शन केन्द्र, दिल्ली (राजस्थान और मध्य प्रदेश), दूरदर्शन केन्द्र, बंगलौर (कर्नाटक), दूरदर्शन केन्द्र, श्रीनगर (जम्मू व काश्मीर), दूरदर्शन केन्द्र, कलकत्ता (पश्चिम बंगाल), दूरदर्शन केन्द्र, लखनऊ (उत्तर प्रदेश), दूरदर्शन केन्द्र, मद्रास (तमिल नाड), दूरदर्शन केन्द्र, रांची (बिहार), दूरदर्शन केन्द्र, अहमदाबाद (गुजरात), दूरदर्शन केन्द्र, दिल्ली (दिल्ली और हरियाणा) और दूरदर्शन केन्द्र त्रिवेन्द्रम (केरल)।

(ख) जी, हां। गुजरात के दूरदर्शन केन्द्रों का 'संघ के राज्य' आदि धरावाहिकों के अन्तर्गत "समुद्र व्यापार", परिवर्तन-झिनझोरिया गांव, "गुजरात" जैसे विकास से सम्बन्धित विषयों पर वृत्त चित्र बनाने का प्रस्ताव है।

**पीज दूरदर्शन केन्द्र**

1064. **श्री मीर्जा इर्शादबेग** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात का "पीज दूरदर्शन केन्द्र" कब बंद किया गया था ;

(ख) केन्द्र की मशीनरी तथा अन्य उपकरणों का किस प्रकार उपयोग किया जा रहा है; और

(ग) इस संबंध में गुजरात सरकार की मांग को पूरा न किए जाने के क्या कारण हैं?

**सूचना और प्रसारण मन्त्रालय के राज्य मंत्री (श्री वी०एन० गाडगिल)** : (क) पीज का दूरदर्शन ट्रांसमीटर अहमदाबाद में 10 किलोवाट वाले दूरदर्शन ट्रांसमीटर के चालू हो जाने पर 25-7-85 को बंद कर दिया गया था, जो उस पूरे क्षेत्र में सेवा उपलब्ध करता है जिसमें पहले पीज ट्रांसमीटर द्वारा सेवा उपलब्ध की जाती थी।

(ख) और (ग) इस ट्रांसमीटर ने अपना अधिकांश उपयोगी जीवन पूरा कर लिया है। संसाधनों का अनुकूलतम उपयोग करने के लिए इसका शेष अवधि के लिए उपयोग अन्य स्थान पर करने की योजना बनाई गई थी।

**दूरदर्शन की क्षेत्रीय वाणिज्यिक सेवा**

1065. **श्री मीर्जा इर्शादबेग** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन राज्यों तथा उन दूरदर्शन केन्द्रों के नाम क्या है जिन्हें दूरदर्शन की क्षेत्रीय वाणिज्यिक सेवा के अंतर्गत शामिल किया गया है;

(ख) इसे प्रति घंटा कितना समय दिया जाता है और उसके लिए किस दर से शुल्क लिया जाता है; और

(ग) देश के अन्य दूरदर्शन केन्द्रों को और विशेष रूप से अहमदाबाद केन्द्र को यह सुविधा कब तक उपलब्ध कराए जाने की संभावना है?

**सूचना और प्रसारण मन्त्रालय के राज्य मंत्री (श्री वी० एन० गाडगिल)** : (क) निम्नलिखित दूरदर्शन केन्द्रों को